**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 27.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><><><>

1. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से द्वीप समूह में पोलियो टीकाकरण के लिए राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस कल मनाया जाएगा।

2. तीन दिवसीय मॉनसून एंड स्पाइस फेस्टिवल–2026 का कल समापन होगा।

3. राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने जैव विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 38 के तहत संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है।

4. प्रशासनिक कारणों से जहाज एमवी कैंपबेल बे अब पहली जुलाई के स्थान पर 3 जुलाई को शाम 4 बजे विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><><><>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से द्वीप समूह में पोलियो टीकाकरण के लिए राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस कल मनाया जाएगा। इस सिलसिले में कल सुबह 8:30 बजे जंग्लीघाट के शहरी स्वास्थ्य केन्द्र में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया है। इस दौरान बच्चों को पोलियों वैक्सीन की दो बूदें पिलाई जाएगी।

<><><><><><><><><>

पर्यटन विभाग, प्रशासन और अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से कल 'मानसून फ़ूड एंड स्पाइस फ़ेस्टिवल–2026' का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी मैदान में आयोजित इस फेस्टिवल में द्वीपों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय खान–पान, खेल, रचनात्मकता और सामुदायिक भावना की झलक देखने को मिली। इसका उद्घाटन दक्षिण अंडमान की अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका कुमारी ने किया। इस अवसर पर पर्यटन से जुड़े लोग मौजूद थे। इस दौरान राज्य संघों, स्थानीय उद्यमियों, एस एच जी समूहों, सरकारी विभागों के स्टॉलों के अलावा खाने–पीने के व्यंजनों के लगभग 25 स्टॉल लगाए गए हैं। इस अवसर पर इन्डोर गेम्स और सांस्कृति संध्या का आयोजन भी किया गया। ये फेस्टिवल आज और कल शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक जारी रहेगा।

कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप मॉनसून कार्निवल–2026 के तहत कॉर्बिन्स कोव तट पर ओपन बीच वॉलीबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल 35 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें 22 पुरुषों की और 13 महिलाओं की टीमें शामिल थीं। दोनों वर्गों में कुल 28 मैच खेले गए। कार्निवल के दूसरे दिन आज सेमी फाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे।

<><><><><><><><><>

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के मौके पर, अंडमान निकोबार राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण ने प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर के सहयोग से जागरूकता रैली आयोजित की। यह रैली हाई कोर्ट सर्किट बेंच परिसर से शुरू हुई। जिससे कलकत्ता हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार और अंडमान निकोबार राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव राशिद आलम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खतरों के बारे में

जागरूकता फैलाने और लोगों, खासकर युवाओं को स्वस्थ, सकारात्मक और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित की गई थी।

उधर, अंडमान निकोबार पुलिस ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और नशा–मुक्त समाज को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से फ्लैग पॉइंट से मोटरसाइकिल रैली आयोजित की। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, A&N पुलिस की IRBn सहित विभिन्न इकाइयों के पुलिसकर्मी शामिल थे। इस दौरान पुलिस कला मंच की ओर से नशीली दवाओं के खिलाफ जागरूकता फैलाने वाले नाटकों की प्रस्तुति दी गई।

<><><><><><><>

इस अवसर पर, पुलिस महानिरीक्षक, गीता रानी वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को नशीली दवाओं के खिलाफ शपथ दिलाई। उन्होंने नागरिकों, सामुदायिक नेताओं, शैक्षणिक संस्थानों और नागरिक समाज संगठनों से इस समस्या से निपटने में सभी से सहयोग की अपील की। उन्होंन इस बात पर जोर दिया कि नशा–मुक्त समाज का लक्ष्य हासिल करने के लिए जन जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी और समय पर जानकारी साझा करना बहुत जरूरी है। रैली में A&N पुलिस की विभिन्न इकाइयों की 205 मोटरसाइकिलों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

देश में जैव विविधता संरक्षण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने जैव विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 38 के तहत संकटग्रस्त प्रजातियों की अधिसूचना के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। इसका उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा संकटग्रस्त प्रजातियों की पहचान, मूल्यांकन और अधिसूचना के लिए एक समान, पारदर्शी और वैज्ञानिक रूप से सुदृढ़ प्रक्रिया को सुगम बनाना है। जैविक विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 38 केंद्र सरकार को संबंधित राज्य सरकार से परामर्श करके किसी भी ऐसी प्रजाति को संकटग्रस्त प्रजाति के रूप में अधिसूचित करने का अधिकार देती है जो विलुप्त होने के कगार पर है या निकट भविष्य में विलुप्त होने की संभावना है। अधिसूचना में इसके संग्रह को विनियमित या प्रतिबंधित किया जाता है और इसके पुनर्वास और संरक्षण के लिए उचित उपाय बताए गये हैं।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से जहाज एमवी कैंपबेल बे की पहली जुलाई को सुबह 10 बजे की श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम की निर्धारित यात्रा को स्थगित कर दिया गया है। अब यह जहाज 3 जुलाई को शाम 4 बजे हैडो जेट्टी से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा। यात्रियों को उसी पुराने टिकट पर जहाज की यात्रा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के नागरिकों और संगठनों से स्वतंत्रता दिवस, 2026 के अवसर पर उपराज्यपाल प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार कला, वाणिज्य, शिक्षा, खेलकूद व संस्कृति और समाज कल्याण आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 24 जुलाई शाम 5 बजे तक

सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ गोपनीय सेल, सचिवालय के पास जमा या ईमेल के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। नामांकन संबंधित जिलों के PCCF, DGP, प्रधान सचिव, आयुक्त–सह–सचिव, सचिवों और उपायुक्तों द्वारा किया जाना चाहिए। अन्य विभागाध्यक्ष केवल अपने संबंधित प्रशासनिक सचिवों के माध्यम से ही सिफारिश कर सकते हैं। यदि किसी टीम को नामांकित किया जा रहा है, तो टीम के प्रत्येक सदस्य की भूमिका स्पष्ट रूप से परिभाषित होनी चाहिए और टीम में केवल अनुकरणीय कार्य दिखाने वाले व्यक्ति को ही प्रायोजित किया जाना चाहिए। इस पुरस्कार के लिए सरकारी अधिकारी और गैर–सरकारी व्यक्ति दोनों ही पात्र हैं।

<><><><><><><>

रंगत मानसून मैराथन चार जुलाई को आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में स्कूली छात्र, खिलाड़ी और आम जनता हिस्सा ले सकते हैं। इसमें पुरूषों के लिए 10 किमी दौड़ और महिलाओं के लिए 5 किमी दौड़ शामिल है। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 हजार, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार और तृतीय पुरस्कार के रूप में पांच हजार रूपये के साथ पदक प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागियों से सुबह 5 बजकर 20 मिनट तक निंबुतला चौक पर रिपोर्ट करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्च शिक्षण संस्थान के घटक अंडमान कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026–2027 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में अतिथि संकाय का पैनल तैयार किया जाएगा। चयनित उम्मीदवार को एक हजार पांच सौ रूपये प्रति व्याख्यान का भुगतान किया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार तक हो सकता है। यह नियुक्ति पूरी तरह से अस्थायी होगी। विस्तृत नोटिस, आवेदन फॉर्म और सेल्फ–मार्किंग प्रोफार्मा कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। पूरी तरह से भरे हुए आवेदन फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ 29 जून दोपहर साढ़े तीन बजे तक कॉलेज के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><>